प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

आकाशवाणी लखनऊ

प्रसारण तिथि : 13.10.2024    प्रसारण समय : 19:20 बजे

<u>मुख्य समाचार :-</u>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तीन वर्ष पूरे होने की सराहना की : कहा- योजना से विकसित भारत की परिकल्पना हो रही है साकार।
- उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर भाजपा की नई दिल्ली में हो रही है बैठक : उम्मीदवारों के चयन पर लग सकती है अंतिम मुहर।
- प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ को भव्य और दिव्य बनाने के लिये बनाये जायेंगे 30 अस्थाई थिमैटिक गेट्स : नेत्र कुंभ की भी होगी स्थापना।
- भदोही में 4 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कालीन मेला 15 अक्टूबर से होगा शुरू : 67 देशों के 5 सौ से अधिक खरीदार होंगे शामिल।

-------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तीन वर्ष पूरे होने की सराहना करते हुए कहा है कि इस पहल ने भारत के बुनियादी ढांचे को नया रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि गतिशक्ति ने मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी में महत्वपूर्ण वृद्धि की है और विभिन्न क्षेत्रों के तीव्र तथा कारगर विकास को सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि गति शक्ति से विकसित भारत के सपने को साकार करने में गति मिल रही है और इससे प्रगति, उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। ब्यौरा

44 केंद्रीय मंत्रालयों और 36 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और इनके कार्यान्वयन को शामिल किया गया है। इस पहल से विभिन्न मंत्रालयों की 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 208 बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का आकलन कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। इस योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति का उद्‌देश्य माल ढुलाई की लागत को कम करना, भारत की लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स रैंकिंग को 2030 तक शीर्ष 25 देशों में लाना और डेटा-आधारित निर्णय लेने को बढ़ावा देना है। पल्लवी परमार की रिपोर्ट के साथ अभिषेक कपिल, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

-------------------

विधानसभा-उपचुनाव

उत्तर प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर आज नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की बैठक हो रही है। जिसमें उपचुनाव के लिये उम्मीदवारों के चयन के साथ चुनावी तैयारियों पर चर्चा की जायेगी। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के अलावा उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ मौजूद है, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक भी बैठक में शामिल हैं। आज हो रही इस महत्वपूर्ण बैठक में उम्मीदवारों के चयन पर अंतिम मुहर लग सकती है।

उत्तर प्रदेश में मैनपुरी की करहल, अयोध्या की मिल्कीपुर, कानपुर की सीसामऊ, मुरादाबाद की कुंदरकी, गाजियाबाद, प्रयागराज की फूलपुर, मिर्जापुर की मझवां, अंबेडकरनगर की कटेहरी, अलीगढ़ की खैर और मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट पर उपचुनाव होना है। सपा ने उपचुनाव की 10 में से 6 सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। प्रदेश की जिन 10 सीटों पर उपचुनाव होना है उनमें से 5 सीटें समाजवादी पार्टी के पास थी, 3 सीटों पर भाजपा तो आरएलडी-निषाद पार्टी ने एक-

एक सीटें जीती थी। भाजपा ने उपचुनाव के लिए जिन उम्मीदवारों के नाम का पैनल तैयार किया है, उस पर आज बैठक में फैसला हो सकता है। आकाशवाणी लखनऊ के समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।

-------------------

प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ को भव्य और दिव्य बनाने के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही है। इसी क्रम में कुंभ मेला क्षेत्र में सौंदर्यीकरण के लिए तीस अस्थाई थिमैटिक गेट्स की स्थापना की जायेगी। प्रयागराज के क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने बताया कि कुंभ की पौराणिक कथा के प्रसंग में समुद्र मंथन से निकले 14 रत्नों और पौराणिक मूर्ति विज्ञान को आधार में रखकर इन गेट्स का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कुंभ मेला क्षेत्र में चारों दिशाओं में उनका निर्माण होगा।

इसके साथ ही मेला प्रशासन द्वारा कुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों के लिए नेत्र कुंभ यानी नेत्र शिविर की स्थापना भी की जा रही है। 9 करोड़ से अधिक धनराशि से स्थापित होने वाला यह नेत्र कुंभ श्रद्धालुओं को एक अस्थाई नेत्र देखभाल सुविधा प्रदान करेगा, जहां मेले के दौरान श्रद्धालुओं की दृष्टि सुधार, मोतियाबिंद सर्जरी और चश्मे का वितरण जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

-------------------

गृह मंत्रालय ने सभी केन्द्रीय विभागों और राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों से इस महीने की 24 तारीख को संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर सभी महत्वपूर्ण भवनों के ऊपर राष्ट्रीय ध्वज के साथ संयुक्त राष्ट्र का ध्वज लगाने का आग्रह किया है। मंत्रालय द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि राष्ट्रपति भवन, उपराष्ट्रपति आवास, संसद भवन, सर्वोच्च न्यायालय भवन, राज भवनों, राज निवासों,

विधान परिषद भवनों, विधानसभाओं और उच्च न्यायालयों पर संयुक्त राष्ट्र का ध्वज नहीं लगाया जाएगा।

-------------------

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।
ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए०आई०आर० डॉट जी०ओ०वी० डॉट आई०एन० पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज़ ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

-------------------

भदोही में कपड़ा मंत्रलाय के सहयोग से कालीन निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा आयोजित 4 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेला 15 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है। मेले में देशभर से 260 कालीन निर्यातक अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे, वहीं 67 देशों के 500 खरीददार और उनके प्रतिनिधि शामिल होंगे। मेले का उद्घाटन केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और कपड़ा और विदेश राज्यमंत्री पवित्रा मार्गेटा करेंगे। राज्य सरकार के प्रतिनिधि भी मेले में भाग लेंगे। मेले की तैयारियों को लेकर कालीन निर्यात संवर्धन परिषद निदेशक असलम महबूब ने बताया कि कालीन मेला में आने वाले उत्पादकों की सुविधा के लिये बेहतर इंतजाम किये गये हैं।

यह फेयर बहुत व्यापक और अच्छा होगा बड़ा होगा। बायर्स का रजिस्ट्रेशन तो चार सौ के ऊपर जा चुका है और दो सौ चौवन एक्सपोर्टरों ने एक्जिबिट कर रहे हैं इसमें और हमारी रिक्वायरमेंट थी चीज़ें थी होटलों की सबकी वह कंप्लीट हो चुकी है और ट्रांसपोर्टेशन से लेकर के सारी व्यवस्था हमारी कंप्लीट हो गई है और हर

चीज़ हम एसी से लेकर के लिफ्ट से लेकर के सारी चीज़ें तैयार है। हमारी तैयारी अच्छी है और बायर्स का इंटरेस्ट भी काफी ज्यादा अच्छा।

-------------------

अमरोहा में गंगा के 51 किलोमीटर दायरे में वन विभाग द्वारा जलीय जीवों की कराई गई गणना के परिणाम सकारात्मक रहे। इसमें डॉल्फिन की संख्या में वृद्धि देखी गई, साथ ही घड़ियाल और दुर्लभ प्रजाति के पक्षी भी बड़ी संख्या में पाये गये। और जानकारी हमारे प्रतिनिधि से

अमरोहा के 51 किलोमीटर दायरे में की गई गणना में 8 डॉल्फिन अटखेलियां करती हुई नज़र आई हैं। उनके साथ उनके 2 बच्चे और 10 घड़ियाल भी दिखाई पड़े हैं, इनमें 4 मादा घड़ियाल हैं। इसके अलावा गंगा किनारे 4 ब्लैक बेलीड टर्न, ब्लैक ड्रोंगो सहित अनेक दुर्लभ प्रजाति की चिड़िया भी देखी गई हैं। वन विभाग के एसडीओ विमल कुमार के अनुसार पिछली गणना के सापेक्ष इस बार डॉल्फिन की तादाद अधिक है। उन्होंने बताया कि वन विभाग की ओर से विश्व वन्य जीव फंड नाम की संस्था से गंगा में जलीय जीवों की गणना कराई जा रही है। गंगा में डॉल्फिन की बढ़ती तादाद से वन विभाग गदगद नज़र आ रहा है। मरग़ूब हुसैन, आकाशवाणी समाचार, अमरोहा।

-------------------

लखनऊ, जौनपुर, श्रावस्ती, बदायूं और कुशीनगर सहित विभिन्न जिलों में पूजा पंडालों से आज मां दुर्गा की विदाई हो रही हैं। सिंदूरदान और सिंदूर खेला की परम्परा के बाद शोभायात्रा निकालकर देवी दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जित किया जा रहा है। लखनऊ में गोमती नदी को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए कृत्रिम

तालाब बनाए गए है। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजामों के साथ घाटों पर गोताखोरो को भी तैनात किया गया है।

--------------------

बागपत और इटावा में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 अन्य घायल हो गये।

बागपत जिले में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर लहचौड़ा के पास आज सुबह तीन वाहनों के टकराने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

उधर, इटावा जिले के थाना ऊसराहार क्षेत्र अंतर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर एक कार आगे चल रहे ट्रक में घुस गई, जिससे कार सवार तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में दो विदेशी युवतियां भी हैं, जिसमें एक अफगानिस्तान और दूसरी रूसी नागरिक थी। घायलों को सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती कराया गया है।

--------------------

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में जारी रणजी ट्रॉफी मुकाबले में आज दिन का खेल खत्म होने तक उत्तर प्रदेश के खिलाफ बंगाल ने अपनी स्थिति को मजबूत कर ली है। मैच में पहली पारी में 311 रन बनाने के बाद बंगाल ने दूसरी पारी में अभी तक बिना कोई विकेट गवाएं 141 रन बना लिए हैं। बंगाल की कुल बढ़त 150 रन की हो गई है। इससे पहले आज सुबह उत्तर प्रदेश की टीम कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर

सकी और उसके सभी खिलाड़ी 292 रन पर ऑल आउट हो गए।
आर्यन जुयाल ने सबसे अधिक 92 रन बनाएं जबकि सिद्धार्थ यादव ने 73 रन जोड़े। बंगाल की गेंदबाजी शानदार रही। मुकेश कुमार और शाहबाज अहमद ने चार-चार विकेट लिए जबकि दो विकेट मोहम्मद कैफ को मिले।

--------------------